हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शुक्रवार
17 जुलाई 2026, बरेली

**PAGE NO : 04 BOTTOM**

# गुड लाइफ में हेल्थ उत्सव आज से

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** एसआरएमएस गुड लाइफ हॉस्पिटल में स्थापना की आठवीं वर्षगांठ पर 17 जुलाई से दो दिवसीय हेल्थ उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हेल्थ उत्सव में परामर्श के साथ ही डेढ़ दर्जन से ज्यादा जांच निशुल्क की जाएंगी। इसके साथ ही एक्स रे, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन पर 50 फीसद की छूट मिलेगी। यह जानकारी एसआरएमएस गुड लाइफ हॉस्पिटल की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति ने दी। उन्होंने बताया कि हेल्थ उत्सव में अन्य सभी जांचों और हेल्थ पैकेज पर भी 20 फीसद की छूट मिलेगी। उन्होंने कहा कि हार्ट के मरीजों के उपचार के लिए गुड लाइफ हॉस्पिटल में अगस्त माह तक कैथ लैब स्थापित होगी। रोबोटिक सर्जरी से घुटना प्रत्यारोपण की



ऋचा मूर्ति। • डायरेक्टर

सुविधा भी यहां मिलेगी। डायरेक्टर ऋचा मूर्ति ने कहा कि एसआरएमएस गुड लाइफ हॉस्पिटल 19 जुलाई को अपनी स्थापना की आठवीं वर्षगांठ मना रहा है। होम अवे फ्राम होम कांसेप्ट के साथ एसआरएमएस ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति ने वर्ष 2018 में 19 जुलाई को गुड लाइफ हॉस्पिटल स्थापित किया। आठ वर्ष में 3.5 लाख से ज्यादा मरीज ओपीडी में पहुंचे। 30 हजार मरीजों ने भर्ती होकर अपना इलाज करवाया। 15 हजार से ज्यादा मरीज सफल ऑपरेशन के बाद स्वस्थ हुए। रजिस्ट्रेशन करवाने वाले मरीजों को हृदय रोग, गुर्दा एवं मूत्र रोग, हड्डी एवं जोड़ रोग, लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी, मेडिसिन, मानसिक रोग, साइकोलॉजी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, डायटिशियन, फिजियोथेरेपी का परामर्श निशुल्क प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही बीपी, ईसीजी, इको, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, सीबीसी, एचबीएवनसी, सीरम पीएसए, लिपिड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट, फाइब्रोस्कैन, यूरोफ्लोमेट्री, स्पाइरोमेट्री, बोन डेंसिटोमीटरी और आंखों की जांच निशुल्क की जाएंगी।